संख्या-75/2015/818/78-2-2015-44आई.टी./2015

प्रेषक,

जी0एस0 प्रियदर्शी,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

सचिव,
संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय,
इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी विभाग,
इलेक्ट्रॉनिक्स निकेतन, 6 सी.जी.ओ. कॉम्पलेक्स,
नई दिल्ली-110003

आई.टी. एवं इले. अनुभाग-2 लखनऊ:दिनांक: 01 जुलाई, 2015

विषय:- डिजिटल लॉकर सिस्टम एवं ई-साइन विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपने अर्द्धशासकीय पत्र सं0-3(42)/2014-ई.जी.-II दिनांक 25.03.2015 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से प्रदेश में डिजिटल लॉकर सिस्टम एवं ई-साइन सुविधा को क्रियान्वित किए जाने की बात की गयी थी।

2. इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रदेश में डिजिटल लॉकर सिस्टम एवं ई-साइन के संबंध में आवश्यक कार्यवाही की जा रही है। वर्तमान में डिजिटल लॉकर सिस्टम एवं ई-साइन को प्रदेश में क्रियान्वित ई-डिस्ट्रिक्ट एप्लीकेशन से इन्टीग्रेट किए जाने हेतु आवश्यक तकनीकी कार्यवाहियॉ की जा रही है, जिसमें डी.ई.आई.टी.वाई., भारत सरकार के द्वारा Digital Locker Technical Specification (DLTS) को उपलब्ध करा दिया है। तत्क्रम में दिनांक 19.05.2015 एवं 29.05.2015 को ई-मेल (संलग्नक-1) के माध्यम से एक विस्तृत इन्टीग्रेशन कॉन्सेप्ट नोट डी.ई.आई.टी.वाई., भारत सरकार को उपलब्ध करा दिया गया है, जिसमें उनसे डिजिटल लॉकर सिस्टम से संबंधित आवश्यक APIs का अनुरोध किया गया है। ताकि उन APIs एवं ई-डिस्ट्रिक्ट एप्लीकेशन में आवश्यक संशोधन कर इन्टीग्रेशन की कार्यवाही यथाशीघ्र पूर्ण की जा सके। कृपया डिजिटल लॉकर सिस्टम एवं ई-साइन के संबंध में अब तक की गयी कार्यवाही से अवगत होने का कष्ट करें।

संलग्नक:यथोपरि।

भवदीय,

(जी0एस0 प्रियदर्शी)
विशेष सचिव

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in